>

Title: Need to provide immediate relief to the farmers of drought affected districts of Bihar.

श्री जगदीश शर्मा (जहानाबाद): अध्यक्ष महोदया, आज पूरे देश के अनेक राज्यों में भीषण सूखे की स्थिति है। खासकर, बिहार में जो जिले हैं।

अध्यक्ष महोदया: आप संक्षेप में कहें, क्योंकि कल इसी विषय पर विस्तृत चर्चा होनी है, तब आप अपनी बात विस्तार से कहना।

श्री जगदीश शर्मा : चर्चा में हम लोगों को तो समय ही नहीं मिलता, पार्टी के नेताओं को ही मिलता है।

अध्यक्ष महोदया: ऐसी बात नहीं है, आपको भी जरूर मौका मिलेगा। इस समय संक्षेप में कहें।

श्री जगदीश शर्मा : बिहार में जहानाबाद, औरंगाबाद, अररिया, गया, नवादा, कैमूर, सासाराम और मुंगेर सबसे सूखा प्रभावित इलाके हैं। कौटिल्य के समय से इन इलाकों में आहर-पइनों का निर्माण किया था, जिसके जरिए वहां जल संरक्षित किया जाता था और उनसे सिंचाई की भी व्यवस्था होती थी। इसलिए मेरा सरकार से आग्रह है कि इन इलाकों में इनके जीर्णोद्धार से, छोटे-छोटे चैक डैम बनाने से समस्या का हल किया जा सकता है, क्योंकि इससे वहां जल संग्रह का काम होगा। यह काम पूरे राज्य में किया जाए, तो अत्यंत लाभप्रद होगा। यहां पर जल संसाधन मंत्री बंसल जी बैठे हुए हैं। मैं उनसे आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार जो सूखा प्रभावित राज्य है, आप वहां कौटिल्य के पीरियड में जो आहर-पइन द्वारा जल संरक्षण का काम होता था, जो जल क्षेत्र बना हुआ था, जो आजकल जीर्णशीर्ण अवस्था में है, उसका पुनर्निर्माण कराकर वहा चैक डैम बनाए जाएं। इसके लिए केन्द्र सरकार वहां धनराशि आबंटित करे और बिहार में जो सूखा है, लोगों को उससे राहत दिलाने की दिशा में प्रयास करे।